दिनांकः 18.03.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- 'जल जीवन मिशन 2.0' के तहत जलशक्ति मंत्रालय और राजस्थान के बीच समझौता–एमओयू करने वाला देश का पहला राज्य बना।
- राजस्थान दिवस समारोह के तहत आज **उद्यमी संवाद**–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा उद्योगों से जुड़ी तीन नीतियां जारी करेंगे।
- सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला–तीन महीने और उससे अधिक उम्र के बच्चे को गोद लेने वाली महिलाओं को भी 12 सप्ताह का मातृत्व अवकाश मिलेगा।
- पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश में आज से तीन दिन कई स्थानों पर आंधी, बारिश और ओले गिरने का अलर्ट।

000

जल जीवन मिशन 2.0 के तहत राजस्थान एमओयू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। जलशक्ति मंत्रालय और राज्य के बीच कल नई दिल्ली में ये एमओयू हुआ। इस अवसर पर केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेश के पीएचईडी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी भी मौजूद रहे। इस समझौते से राज्य में जलापूर्ति व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। वहीं हर घर तक पीने का साफ पानी पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। ये एमओयू प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक नल से जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

000

प्रदेश में खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय ने दो दिन में 50 हजार खाद्य कारोबारियों को प्रशिक्षण दिया है। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि खाद्य सुरक्षा का संदेश देने के लक्ष्य से ये ट्रैनिंग दी गई। उन्होंने कहा कि ये प्रशिक्षण जन स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मिड डे मील कर्मी, राजकीय छात्रावासों के स्टाफ, जेल रसोई कर्मचारी तथा स्ट्रीट फूड वेंडर्स सहित विभिन्न खाद्य व्यवसाय से जुड़े लोग शामिल हुए। उधर, हनुमानगढ़ में ये ट्रैनिंग प्रोग्राम फूड ग्रेन धर्मशाला में रखा गया। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि इसमें सुरक्षित खाद्य सामग्री तैयार करने के गुर सिखाये गये।

000

राजस्थान दिवस समारोह के तहत आज उद्यमी संवाद कार्यक्रम रखा गया है। राज्य स्तरीय समारोह जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इसमें उद्योगपतियों के साथ बातचीत करेंगे। इस आयोजन में मुख्यमंत्री, **इंटस्ट्रीयल पार्क प्रमोशन पॉलिसी, राजस्थान एयरो स्पेस और डिफेंस पॉलिसी** तथा **राजस्थान सेमीकंडक्टर नीति** जारी करेंगे। इसके अलावा रीको औद्योगिक क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए 345 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न कामों का शिलान्यास और लोकार्पण किया जाएगा। इनमें 119 करोड़ रुपये की लागत के 40 काम जनता को समर्पित होंगे। वहीं 226 करोड़ रुपये के 46 कामों की आधारशिला रखी जाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी वितरित करेंगे। राजस्थान दिवस सांस्कृतिक सप्ताह के तहत आज राजधानी जयपुर में ट्रैकिंग और हैरिटेज वॉक का आयोजन किया जा रहा है। वहीं गांधी वाटिका संग्रहालय में चित्रकला प्रतियोगिता भी रखी गई है।

000

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा है कि राज्य सरकार ने साल 2027 तक किसानों और आम उपभोक्ताओं को दिन में निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है। श्री नागर कल झुंझुनूं जिले के दौरे पर रहे। उन्होंने गोल्याना में सहायक अभियंता कार्यालय का उद्‌घाटन किया।

इसके बाद मीडिया से बातचीत में श्री नागर ने कहा कि प्रदेश की बिजली व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार मिशन मोड पर काम कर रही है। उन्होंने बताया कि बीते दो सालों में 53 नये ग्रिड सब स्टेशन स्थापित कर चालू किये गये हैं। वहीं 400 नये 33 केवी जीएसएस भी शुरू किये गये हैं।

000

सर्वोच्च न्यायालय ने उस कानून को रद्द कर है दिया जिसमें कहा गया था कि तीन महीने से कम उम्र के बच्चे को कानूनी रूप से गोद लेने वाली महिला ही मातृत्व अवकाश की हकदार होगी। अदालत ने कहा कि गोद लिए गए बच्चे की उम्र चाहे जो भी हो, मां को 12 सप्ताह का मातृत्व अवकाश मिलना चाहिए। न्यायालय की पीठ ने कहा कि मातृत्व लाभ की सुरक्षा को बच्चे की उम्र तक सीमित नहीं किया जा सकता। न्यायलय ने केंद्र सरकार से पितृत्व अवकाश को सामाजिक सुरक्षा लाभ के रूप में मान्यता देने वाला प्रावधान भी लाने को कहा।

000

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड ने खाड़ी क्षेत्र में संकट के बीच संस्थाओं, शिपर्स और उपभोक्ताओं के लिए **असंतुलन शुल्क** में अस्थायी छूट की घोषणा की है। बोर्ड ने कहा कि ऊर्जा आपूर्ति, रसद और बाजार की स्थितियों को प्रभावित करने वाली अनिश्चितताओं और रुकावटों के मद्देनजर ये फैसला लिया गया है। यह छूट 30 जून तक लागू रहेगी। इस बीच, एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस आज पश्चिम एशिया के लिए 50 निर्धारित और विशेष उड़ानें संचालित करेंगी। इनमें 26 निर्धारित और 24 विशेष उड़ानें शामिल हैं।

000

प्रदेश में सरसों और चना की एमएसपी पर खरीद शुरू करने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। राजफैड की ओर से 25 मार्च से ये खरीद शुरू होगी। इसके लिए किसान 20 मार्च से ऑनलाइन पंजीयन करवा सकते हैं। सहकारिता राज्यमंत्री गौतम कुमार दक ने इस खरीद प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरतने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कल जयपुर में विभाग की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक की। श्री दक ने कहा कि खरीद प्रक्रिया में किसी तरह की गड़बड़ी या लापरवाही सामने आने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिये कि संस्थाओं के पंजीयन बिना किसी परेशानी और देरी के होने चाहिए।

000

अलवर जिले के गोविंदगढ़ के तहसीलदार बसंत कुमार परसोया और उसके दलाल रिंकू को डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि मामले में परिवादी ने शिकायत दी थी कि जमीन अपने नाम दर्ज करवाने के लिए उससे 5 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत का सत्यापन होने के बाद एसीबी ने ट्रैप की ये कार्रवाई की, जिसमें परिवादी से पहली किस्त के रूप में रिश्वत लेते हुए तहसीलदार के दलाल को रंगे हाथों पकड़ा गया।

000

प्रदेश में आज से अगले तीन दिनों तक कई स्थानों पर आंधी, बारिश और ओले गिरने की संभावना है। आज से सक्रिय हो रहे एक मजबूत पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में ये बदलाव देखने को मिलेगा। जोधपुर, बीकानेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं गरज और आंधी के साथ हल्की बारिश हो सकती है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आज दक्षिण–पश्चिम राजस्थान और आस–पास के क्षेत्र के ऊपर एक परिसंचरण तंत्र बनने की प्रबल संभावना है।

000